	संपत्ति का विवरण: समस्त वह भाग एवं खंड जोकि फ्लैट संख्या 2, भूतल, पॉकेट – 2, ब्लॉक – डी–3, सेक्टर – जी–2, नरेला, नई दिल्ली		

यदि उक्त उधारकर्ता पूर्वोक्त के रूप में ईएआरसी को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो ईएआरसी अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, पूरी तरह से उक्त उधारकर्ता(ओं) के जोखिम पर लागत और परिणामों के रूप में। अधिनियम के अंतर्गत उधारकर्ताओं को ईएआरसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के रूप में उपर्युक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करता है, अधिनियम के तहत प्रदान किए गए कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक: 23.06.2026/15.07.2026
स्थान: दिल्ली

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
कृते एडलवाइस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

Edelweiss Asset Reconstruction

Bandhan Bank

आंचलिक कार्यालय : नेताजी मार्ग, मीठारवली सिक्स रोड्स के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-6, दूरध्वनी: +91-26421671-75

कर्जदारों को मांग सूचना

नीचे वर्णित खाता एनपीए हो गया था और बंधन बैंक द्वारा निम्नलिखित कर्जदारों को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 से नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत जारी की गई मांग सूचना अविरित रूप में वापस प्राप्त हो चुकी है। अतएव, यह सूचना आप सभी को तथा सर्वसाधारण को प्रकाशन के माध्यम से जारी की जा रही है।

कर्जदार(रों), गारंटरों का नाम और ऋण खाता संख्या	बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण (प्रत्याभूत आस्ति)	मांग सूचना की तिथि/एनपीए की तिथि	मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि	सूचना चस्पा करने की तिथि
श्री सोनू कुमार, श्रीमती निभा कुमारी, श्री दिलीप शुक्ला 70190000004636	फ्लैट नंबर G-5 ग्राउंड फ्लोर, 1BHK, खसरा नंबर 639, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग जिसे 'रॉयल होम्स' के नाम से जाना जाता है, इसका सुपर एरिया 400sq Ft है। यह गांव सलारपुर खादर, तहसील-दादरी, जिला-नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-201304 में है। इसकी मालिकी श्रीमती निभा कुमारी के पास है और इसकी सीमा इस तरह है: उत्तर की ओर या उसकी ओर: फ्लैट नंबर 004, पूर्व की ओर या उसकी ओर: 18 Ft चौड़ी सड़क, पश्चिम की ओर या उसकी ओर: कॉमन रास्ता, दक्षिण की ओर या उसकी ओर: फ्लैट नंबर 006	03 जुलाई 2025/ 31 मार्च 2025	रू. 7,16,178.51/-	30 जुलाई 2026
श्री कैलाश कुमार श्रीमती गुड्डी रानी 20003310000055	लगभग 51.11 वर्ग मीटर का आवासीय फ्लैट, खसरा संख्या 639, फ्लैट संख्या 001, भूतल, रॉयल होम्स, सलारपुर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201304 में स्थित है, जिसके मालिक गुड्डी रानी हैं और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर की ओर या उससे आगे: अन्य संपत्ति, पूर्व की ओर या उससे आगे: 18 फीट रोड, पश्चिम की ओर या उससे आगे: अन्य संपत्ति, दक्षिण की ओर या उससे आगे: फ्लैट 002	05 दिसंबर 2025/ 29 अप्रैल 2023	रू. 5,35,196.85/-	30 जुलाई 2026

इस सूचना हे माध्यम से आपसे बैंक की बकाया राशि, आगे ब्याज, लागतों और प्रभारों के साथ सूना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर बैंक सरफासी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत आगे कार्रवाई करेगा। कर्जदारों / बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियां छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थान : नोएडा, उत्तर प्रदेश। तारीख : 03 अगस्त 2026 **प्राधिकृत अधिकारी, बंधन बैंक लिमिटेड**

पवनसुत होल्डिंग्स लिमिटेड

सीआईएन : L65929DL1984PLC019506

पंजीकृत पता: संपत्ति नंबर 5 के पीछे की तीसरी मंजिल, संत नगर, राजा धीर सेन मार्ग, ईस्ट ऑफ कैलाश, संत नगर, दिल्ली-110065 | मोबाइल 8448084091
ईमेल: pawansutholding@gmail.com | वेब.: www.pawansutholdings.com

30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(लाख रुपये में)

	विवरण		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
			30.06.2026	30.06.2025	31.03.2026	31.03.2026
			अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
I	परिचालन से आय					
	a	परिचालन से राजस्व	1,583.57	305.89	2,299.75	4,460.16
	b	अन्य आय	165.29	-	0.13	0.13
II		कुल आय	**1,748.85**	**305.89**	**2,299.88**	**4,460.29**
III	व्यय					
	a	वित्त लागत	463.06	-	1,238.60	2,184.41
	b	कर्मचारी लाभ व्यय	195.82	69.26	330.12	563.33
	c	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	0.11	0.25	0.26	1.04
	d	अन्य व्यय	575.39	210.24	213.64	947.40
		कुल व्यय	**1,234.37**	**279.75**	**1,782.62**	**3,696.17**
IV		अपवादित और असाधारण मदों और कर पूर्व लाभ	**514.48**	**26.14**	**517.26**	**764.12**
V		अपवादित मदें	-	(0.24)	213.17	220.52
VI		कर पूर्व लाभ	**514.48**	**26.38**	**304.09**	**543.59**
VII		कर व्ययः				
		चालू कर	143.13	6.83	89.16	151.47
		आस्थगित कर	0.08	0.03	0.04	0.17
VIII		कर पश्चात निवल लाभ/हानि	**371.27**	**19.52**	**214.89**	**391.95**
IX		अन्य व्यापक आय				
	a(i)	मदें जिसे लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा	-	-	-	-
	a(ii)	उन वस्तुओं से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा	-	-	-	-
	b(i)	वे मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा	-	-	-	-
	b(ii)	उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा	-	-	-	-
X		कुल व्यापक आय	**371.27**	**19.52**	**214.89**	**391.95**
XI		इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण				
		प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	1,131.39	1,131.39	1,131.39	1,131.39
		इक्विटी शेयर पूंजी का अंकित मूल्य	10.00	10.00	10.00	10.00
XII		आरक्षिति (पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति को छोड़कर)	2,004.26	1,260.56	1,824.02	1,632.99
XIII	(i)	प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पहले) रु. 10/- प्रत्येक के (वार्षिकीकृत नहीं)				
		बेसिक	3.28	0.17	1.90	3.46
		डाइल्यूटेड	3.28	0.17	1.90	3.46
	(ii)	प्रति शेयर आय (असाधारण मदों के पश्चात) रु. 10/- प्रत्येक (वार्षिकीकृत नहीं)				
		बेसिक	3.28	0.17	1.90	3.46
		डाइल्यूटेड	3.28	0.17	1.90	3.46

टिप्पणियाँ:

1. 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और 31/07/2026 को आयोजित अपनी बैठक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी भारतीय लेखा मानक (इंड. एएस) 108 'ऑपरेटिंग सेगमेंट' के संदर्भ में कोई अलग रिपोर्ट करने योग्य खंड नहीं हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक हो, पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

दिनांक: 31/07/2026
स्थान: नई दिल्ली

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
पवनसुत होल्डिंग्स लिमिटेड
नरेश कुमार
(निदेशक)
डीआईएन:10469996

एक नजर इधर भी

महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी से बनेगी बेहतर जीपीडीपी

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत विकास खंड बड़ागांव में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) विषय पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी प्रतिभा मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए अब जीपीडीपी के मूल्यांकन में १५ गुणवत्ता संकेतकों पर आधारित १०० अंकों का स्कोरिंग फ्रेमवर्क लागू किया गया है। इसके तहत ग्राम सभा की बैठक, जनसहभागिता, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। साथ ही महिला एवं बाल सभा का आयोजन, पंचायत प्रोफाइल का अद्यतन, स्वयं के राजस्व (ओएसआर) में वृद्धि तथा कम एवं बिना लागत वाली गतिविधियों को कार्ययोजना में शामिल करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान 'मेरी पंचायत-हरित पंचायत' और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी। मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह और संदीप सिंह द्वारा दिए गये इस प्रशिक्षण में विकास खंड के सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

पीएचसी बड़ागांव में अखिलेश श्रीवास्तव को दी गयी भावभीनी विदाई

बाबतपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बड़ागांव के कुष्ठ रोग विभाग में कार्यरत एमएस/एनएमएस अखिलेश श्रीवास्तव ३१ जुलाई २०२६ को लगभग ३८ वर्षों की सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गये। उन्होंने १२ मई १९८८ को विभाग में अपनी सेवा शुरू की थी। उनके सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ बिताये कार्यकाल के अनुभव साझा किये तथा उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेर मोहम्मद ने कहा कि अखिलेश श्रीवास्तव का सेवाभाव और कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। डॉक्टर आलोक सिंह ने भी उनके साथ काम करने के अनुभव साझा करते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दिवाकर वर्मा, प्रयोगशाला प्राविधिक आर.के. यादव, अजय राय, कृष्ण कुमार, डॉक्टर रमेश, राजेश चंद्रा, मनीषा मिश्र और चंदन सोनकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीआरसी बड़ागांव में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर, १९ को मिला प्रमाण-पत्र

बाबतपुर। सर्व शिक्षा अभियान की समेकित शिक्षा योजना के तहत बीआरसी बड़ागांव में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के यूडीआईडी एवं दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव के निर्देशन में आयोजित शिविर में २५ बच्चों की जांच की गयी। इनमें १९ बच्चों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किया गया, जबकि छः को विस्तृत जांच के लिए रेफर किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉक्टर बी. राम (नेत्र), डॉक्टर राकेश कुमार पांडेय (अस्थि), डॉक्टर संजय कुमार सिंह (ईएनटी), डॉक्टर अवनीश सिंह (मानसिक रोग) एवं डॉक्टर रवीन्द्र यादव ने परीक्षण किया। समन्वयक त्रिलोकी नाथ शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर दिनेश कुमार मौर्य, विशेष शिक्षकों और बीआरसी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

पिंडरा में ग्राम पंचायत सचिवों को जीपीडीपी के १५ गुणवत्ता संकेतकों का मिला प्रशिक्षण

बाबतपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत विकास खंड पिंडरा में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि अब जीपीडीपी का मूल्यांकन १५ गुणवत्ता संकेतकों पर आधारित १०० अंकों के स्कोरिंग फ्रेमवर्क से होगा। प्रशिक्षण में जनभागीदारी, महिला एवं बाल सभा, पंचायत प्रोफाइल, स्वयं के राजस्व में वृद्धि तथा कम लागत वाली योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह और संदीप सिंह ने मेरी पंचायत-हरित पंचायत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन-२०२६ पर प्रशिक्षण दिया। सभी ग्राम पंचायत सचिव और पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

डीआईओएस कार्यालयों में सिटिजन चार्टर लागू कराने की मांग

शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न और शिक्षण कार्य में हस्तक्षेप पर जताई नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक जेपी मेहता इंटर कॉलेज के प्रांगण में जिला अध्यक्ष वेद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालयों में शासन द्वारा घोषित सिटिजन चार्टर तत्काल लागू करने की मांग उठाई गई। प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों को अपने कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालयों में प्रबंध तंत्र द्वारा पठन-पाठन के दौरान हस्तक्षेप कर शिक्षण कार्य बाधित किया जा रहा है और भय का माहौल बनाया जा रहा है। शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न पर भी तत्काल रोक लगनी चाहिए, अन्यथा संगठन आंदोलन व धरना-प्रदर्शन को बाध्य होगा। प्रदेश महामंत्री रेवती रमण शर्मा ने कहा कि संगठन में केवल कार्यरत शिक्षक ही पदाधिकारी हैं। बैठक को अरविंद कुमार सिंह, अजय कुमार रेड्डी, जितेंद्र श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव, अमलेन्द्र कुमार शर्मा, रामदुलार सिंह, नीरज शुक्ला, ब्रजेश कुमार सिंह, रामकुमार वर्मा, सुलाब सिंह और कृष्णानंद राय ने भी संबोधित किया। सत्येंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश पांडेय, मदन कुमार, रामगोपाल चतुर्वेदी, केशव पांडेय, अजय कुमार पाल, नागेंद्र शर्मा व मनोज कुमार जैसल समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। संचालन रेवती रमण शर्मा ने किया।

छात्रावास के लिए शोधार्थी एवं स्नातक के नव प्रवेशी विद्यार्थी आठ अगस्त तक करें आवेदन

काशी विद्यापीठ में वाइसचांसलर प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार सत्र २०२४-२५ में जिन शोधार्थी को पंजीकरण संख्या मिल गया है ऐसे इच्छुक शोधार्थियों के लिए डॉक्टर सम्पूर्णानन्द शोध छात्रावास एवं स्नातक के नव प्रवेशी इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आचार्य नरेन्द्र देव छात्रावास तथा जे.के. महिला छात्रावास के ब्लॉक (सी) के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करके आवेदन एक से आठ अगस्त तक वार्डेन / गृहस्वामिनी कार्यालय में जमा कर दें। चीफ वार्डेन डॉक्टर नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि छात्रावास हेतु विद्यार्थी छात्रावास नियमावली विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करके, उस नियमावली को १० रुपये के एफिडेविड या ई स्टाम्प पेपर में बनाकर एवं छात्रावास आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सम्बन्धित कार्यालय में जमा करेंगे। मुख्य गृहपति ने कहा कि छात्रावास आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सत्र २०२६-२७ की प्रवेश शुल्क रसीद, जाति, निवास प्रणाम पत्र एवं माता-पिता एवं विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा चार फोटो सम्बन्धित कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उक्त में से कोई भी अभिलेख संलग्न न होने पर आवेदन पत्र निरस्त समझा जायेग। साथ ही उन्होंने बताया कि छात्रावास में मेस संचालन प्रक्रिया में जो निर्धारित शुल्क तय होगा, वह शुल्क एवं छात्रावास का शुल्क एक साथ एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा, तभी कक्ष आवंटन किया जायेगा।

शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, हजारों की क्षति

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र की देईपुर (बेदुआ) गांव में शनिवार की रात शॉट सर्किट से मकान में आग लग जाने से गृहस्थी सहित हजारों रुपये के सामान जलकर खाक हो गये। बताया जाता हैं की उपरोक्त गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप शुक्ल के मकान में बीती रात शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी जिससे घर में रखें भूसा अनाज सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने धुंआ निकलते देखा, तो शोर मचाया तब आसपास के लोग जाग गये और समरसेबल पंप और बाल्टी से पानी डालकर घंटे भर मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गृह स्वामी के अनुसार घर में भूसा, चावल, गेहूं, कपड़ा अन्य कीमती सामान रखे गये थे, जो जलकर खाक हो गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के केशव विहार कॉलोनी में रविवार तड़के एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति, ससुर और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, केशव विहार कॉलोनी निवासी विवेक सिंह उर्फ सूरज सिंह की पत्नी वर्षा सिंह (२६वर्ष) रविवार तड़के अपने घर में मृत मिलीं। सूचना मिलने पर सोनभद्र जिले के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी मृतका के पिता शम्भू सिंह और अन्य परिजन वाराणसी पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जब वे मौके पर पहुंचे, तो वर्षा का शव कमरे के अंदर पड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाया। शम्भू सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्षा की शादी २९ नवंबर २०२३ को विवेक सिंह उर्फ सूरज सिंह से हुई थी। विवाह में सामर्थ्य के अनुसार करीब पांच लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण, लगभग ढाई लाख रुपये का घरेलू सामान तथा बारात के स्वागत-सत्कार पर करीब तीन लाख रुपये खर्च किये गये थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग करते थे। आरोप है कि पति विवेक सिंह, ससुर राजेश सिंह और जेठानी सिम्मी सिंह विवाह के बाद से ही १० लाख रुपये नकद और फॉर्च्यूनर कार की मांग को लेकर वर्षा का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते थे। कई बार दोनों परिवारों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन इसके बावजूद कथित प्रताड़ना बंद नहीं हुई। मृतका के पिता का आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने के कारण उनकी पुत्री की हत्या की गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, ससुर और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालपुर-पांडेयपुर थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर आगे की विधिक कारर्वाई की जायेगी।

सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

मिर्जामुराद। क्षेत्र के रखौना रिंग रोड स्थित हरपुर के पास रविवार तड़के तीन बजे एक अज्ञात वाहन के टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरहुआ से रखौना की ओर जा रहा ट्रक किसी अज्ञात वाहन के पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान रामतेज पुत्र रामचरन, निवासी नगवा तीर, थाना धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई। सूचना पर तत्काल मिर्जामुराद पुलिस मौके पर पहुंच एंबुलेंस की सहायता से घायल को सीएचसी हाथी बाजार ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों एवं ट्रक स्वामी को घटना की सूचना दे दी गयी है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मिर्जामुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि रोड पर लगे सी सी फुटेज के सहयोग से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

गजेपुर में आधा दर्जन जुआड़ी गिरफ्तार

सेवापुरी। कपसेठी पुलिस ने रविवार को गजेपुर जुआ अड्डे पर छापा मारकर आधा दर्जन जुवाड़ी को गिरफ्तार कर मौके से ५२ ताश के पत्ते, १२ हजार चार सौ नकद बरामद किया। सभी के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा १३ के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कारर्वाई की गयी। बता दे कि कपसेठी पुलिस स्थानीय बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गजेपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर ताश से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में झिंगुरी पटेल, श्यामसुन्दर राजभर, अजय वर्मा, संजय पटेल, बच्चेलाल तथा इन्द्रजीत पटेल शामिल हैं। पुलिस ने बरामद नकदी और ताश के पत्तों को नियमानुसार सील कर कब्जे में ले लिया। इसके बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा १३ के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कारर्वाई शुरू कर दी गयी।

१२ हजार चार सौ नकद और ५२ ताश के पत्ते बरामद

लो वोल्टेज और बिजली कटौती से दर्जनों गांव परेशान, धान की फसल पर संकट

काशी विद्यापीठ ब्लॉक के तारापुर, भगौतीपुर, माधोपुर कोट, छितौनी, मुड़ादेव, बेटाबीर, बच्छाव, डगरीसराय, टिकरी सहित दर्जनों गांवों में लो वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज के कारण छितौनी पंप कैनाल से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे धान की फसल प्रभावित होने लगी है और किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सता रही है। समस्या की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता घनश्याम सिंह और अजय सिंह ने प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों और ग्रामीणों से बातचीत की। घनश्याम सिंह ने बताया कि करीब 20 किलोमीटर दूर से विद्युत आपूर्ति होने तथा जर्जर तारों के बार-बार टूटने के कारण बिजली व्यवस्था लगातार बाधित हो रही है। उन्होंने संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल लो वोल्टेज की समस्या दूर करने, जर्जर तारों को बदलने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान होगा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से भी इस संबंध में हस्तक्षेप की मांग की है।

किशोर रहस्यमय ढंग से गायब

बाबतपुर। बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित महुआरी-बौलिया गांव से शनिवार शाम एक १६ वर्षीय किशोर रहस्मयढंग में लापता हो गया। गायब बालक की पहचान संतोष मिश्र के इकलौते पुत्र अंश मिश्र 'लालू' के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब अंश का कोई सुराग नहीं मिला, तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इकलौते चिराग के अचानक गायब होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बड़ागांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें बालक की तलाश में जुट गयी हैं और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एवं संभावित ठिकानों को खंगाला जा रहा है।

काशी विद्यापीठ मुख्य परिसर से सीधे गंगापुर परिसर में प्रवेश की सुविधा १४ तक

काशी विद्यापीठ के महाराजा डॉक्टर विभूति नारायण सिंह गंगापुर परिसर में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित प्रवेश प्रकोष्ठ में गंगापुर परिसर का विशेष प्रवेश काउंटर स्थापित किया गया है। यह सुविधा 14 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी। इस काउंटर के माध्यम से अभ्यर्थी बी.ए., बी.कॉम., बी.एफ.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए., एम.ए., एम.कॉम., एम.एफ.ए. तथा पी.जी. डिप्लोमा इन साइकोथेरेपी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सीधे प्रवेश ले सकते हैं। साथ ही, गंगापुर परिसर में भी प्रतिदिन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया निरंतर जारी है, जहाँ अभ्यर्थी सीधे पहुँचकर संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। गंगापुर परिसर के प्रवेश समन्वयक डॉक्टर रमेश मिश्रा ने बताया कि परिसर में प्रतिदिन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जा रही है अभी तक लगभग 70 प्रतिशत काउंसिलिंग पूर्ण की जा चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। वहीं, समन्वयक जनसंपर्क डॉक्टर सुमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्य परिसर में स्थापित विशेष प्रवेश काउंटर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संचालित किया जा रहा है, जिससे वे सीधे गंगापुर परिसर में प्रवेश ले सकते हैं।

मण्डुवाडीह में चोरी की बाइक बरामद

मण्डुवाडीह में पुलिस ने रेलवे स्टेशन से हुई चोरी मोटर साइकिल को एफ.सी.आई तिराहे से बरामद किया है। चन्दुआ, छितुपुर निवासी रमाकान्त शर्मा पुत्र गिरिजा शंकर शर्मा, २९ जुलाई को अपने हीरो आई स्मार्ट से रेलवे स्टेशन गये थे। काम समाप्त कर बाहर निकले, तो उनकी बाइक गायब थी। इस संबंध में वहां स्वामी द्वारा थाना मण्डुवाडीह में तहरीर दी। गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित की गयी। योगेंद्र कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं सक्रिय पर्यवेक्षण में टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली एवं मुखबिर तंत्र एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अथक प्रयास से चोरी गयी बाइक को एसीआई तिराहा से बरामद कर लिया।

दो दिनों से लापता मासूम बालक का पोखरी में मिला शव

बाबतपुर। बड़ागांव क्षेत्र स्थित कुसमुरा गांव में रविवार सुबह दो दिनों से लापता सात वर्षीय मासूम अयांश विश्वकर्मा का शव घर के पीछे स्थित पोखरी में उतराया हुआ मिला। बच्चे का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया

और पूरे गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुसमुरा निवासी अमित कुमार विश्वकर्मा का पुत्र अयांश बीते २८ जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने बड़ागांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार सुबह ग्रामीणों ने पोखरी में बच्चे का शव देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हलका प्रभारी अमित वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है।

रिंग रोड पर ऑटो चालक और उसके साथी की पिटाई, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। घूमने के बहाने टेम्पो बुक कर चालक को रिंग रोड पर ले जाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की। पहड़िया नरायनपुर निवासी रामदुलार चौहान ने बताया कि उनका पुत्र गौतम चौहान आटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। शनिवार को दोपहर गांव के ही रामविकास यादव एवं परदेशी घूमने के बहाने गौतम का आटो किराये पर लेकर संदहाँ होते हुए रिंग रोड हाईवे पर पहुंचे। वहां दोनों ने गाली-गलौज करते हुए गौतम के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे भरत चौहान को भी चोटें आयीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि NASEEM SAHID को अब से NASEEM SHAHID S/o SHAHID HASNAIN के नाम से जाना पहचाना जाये। Add- B-17/6-A Tilbhandeshwar, Bhelupur, Varanasi

सूचना

सूचना-सर्वविदित हो कि मेरा पुत्र अमन उर्फ आशू यादव (19 वर्ष) ने परिजनों की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह कर लिया है। जिससे प्रार्थी को मानसिक क्षति पहुंची है तथा परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। इसके चलते मैने अमन उर्फ आशू यादव को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंधविच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी अनैतिक क्रियाकलाप से मेरा तथा मेरे चल-अचल संपत्ति से उसका कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। पूरे होशोहवाश में बिना किसी दबाव के निर्णय लिया हूं ताकि वक्त जरूरत पर काम आवे। वास्ते राजेश्वर यादव पुत्र स्व.राजाराम निवासी सरैंया, भदोही जनपद भदोही।

आवश्यकता है

श्री रामसुरेश सिंह विधि महाविद्यालय सहसपुरा, पुरूषोत्तमपुर मीरजापुर सम्बद्ध मॉ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर एल.एल.बी (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) तथा एल.एल.बी. पंचवर्षीय (B.A.LL.B) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार स्नातकोत्तर /पी.एच.डी. /नेट, योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ आवेदन करें।

प्रबन्धक चन्द्रप्रकाश सिंह

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

Utkarsh Small Finance Bank

Aapki Ummeed Ka Khaata

(A Scheduled Commercial Bank)

CIN: L65992UP2016PLC082804

Registered office address: Utkarsh Tower, NH-31 (Airport Road), Sehmalpur, Kazi Sarai, Harhua, Varanasi, Uttar Pradesh, PIN - 221105.

Unaudited Financial Results For Quarter Ended June 30, 2026

Long Term Credit Rating | ICRA A- (Stable) | CARE A- (Stable) | Rating for Certificate of Deposit Programme | ICRA A1

Year on Year

- Gross Loan Portfolio (₹ cr): 2.0% ↑ 19,610
- Secured Portfolio (₹ cr): 17.4% ↑ 10,073
- Total Deposits (₹ cr): 2.6% ↑ 22,054
- CASA + RTD (₹ cr): 14.8% ↑ 18,260
- Yield on Advances: 15.7% (Q1 FY27) 15.6% (Q1 FY26)
- Cost of Funds: 7.7% (Q1 FY27) 8.1% (Q1 FY26)
- Net Interest Margin: 6.1% (Q1 FY27) 5.9% (Q1 FY26)
- Credit Cost: 2.3% (Q1 FY27) 8.5% (Q1 FY26)

(₹ in lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	June 30, 2026 Unaudited	March 31, 2026 Refer Note 4	June 30, 2025 Unaudited	March 31, 2026 Audited
1. Total income from operations	1,00,237.22	95,207.02	1,01,865.14	3,80,974.69
2. Net Profit/(Loss) for the year/period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	(4,541.47)	(23,208.40)	(31,886.95)	(1,50,661.36)
3. Net Profit/(Loss) for the year/period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(4,541.47)	(23,208.40)	(31,886.95)	(1,50,661.36)
4. Net Profit/(Loss) for the year/period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(3,391.97)	(18,801.56)	(23,948.05)	(1,15,097.84)
5. Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] (Refer Note 2)	-	-	-	-
6. Paid up Equity Share Capital (of ₹ 10 each)	1,77,952.37	1,77,952.37	1,10,160.99	1,77,952.37
7. Reserves (Excluding Revaluation Reserve)				99,607.82
8. Securities Premium Account	82,102.61	82,083.41	56,092.85	82,083.41
9. Net worth*	2,20,288.26	2,24,718.04	2,46,648.25	2,24,718.04
10. Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	1,84,535.60	2,82,943.91	2,20,999.44	2,82,943.91
11. Outstanding Redeemable Preference Shares	-	-	-	-
12. Debt Equity Ratio**	0.67	1.02	0.81	1.02
13. EPS Basic (₹) (not annualised for quarters)	(0.19)	(1.06)	(2.17)	(8.37)
EPS Diluted (₹) (not annualised for quarters)	(0.19)	(1.06)	(2.17)	(8.37)
14. Total Debt** to Total Assets ratio	6.49%	9.80%	7.95%	9.80%
15. Capital Adequacy Ratio	17.44%	17.71%	19.64%	17.71%
16. % of Gross NPA to Gross Advances	6.09%	7.71%	11.42%	7.71%
17. % of Net NPA to Net Advances	2.86%	3.29%	5.00%	3.29%
18. Return on Assets (not annualised for quarters)	(0.12%)	(0.67%)	(0.87%)	(4.16%)

* as per RBI guidelines.

** Debt represents total borrowings of the Bank & Equity consist of Share Capital plus Reserves and ESOP stock option outstanding.

Notes to the financial results:

1. The above is an extract of the format of quarter ended June 30, 2026, financial results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Bank at its respective meeting held on August 01, 2026. The financial results have been reviewed by the Joint Statutory Auditors as required under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"). The Joint Statutory Auditors have issued unmodified conclusion. The Full Format of the quarter ended Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges, www.nseindia.com & www.bseindia.com & of the Bank- www.utkarsh.bank.in
2. Information related to the total comprehensive income & other comprehensive income are not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Bank.
3. As per regulation 33 and regulation 52(4) of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations 2015, the equity and debt listed entities are required to disclose certain ratios and accordingly ratios relevant to Banking sector have been disclosed above.
4. The figures for the quarter ended March 31, 2026 are the balancing figure between the audited figures in respect for the year and figures for the nine months ended December 31, 2025 which were subject to limited review.

Scan to Download

For and on behalf of the Board of Directors of
Utkarsh Small Finance Bank Limited

Sd/-
Govind Singh
Managing Director & CEO
DIN : 02470880

Place : Mumbai
Date : August 01, 2026